लंपी स्किन डिज़ीज़ (Lumpy Skin Disease)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/lumpy-skin-disease-lsd

- लंपी स्किन डिज़ीज़ (LSD) **एक पशुरोग है जो 'कैप्रीपॉक्स वायरस' (Capripox virus) के कारण होता** है। इसकी वजह से पशुओं में बुखार, अवसाद, थन से दूध गिरते रहना, पैरों में सूज़न तथा लंगड़ापन इत्यादि की समस्या देखने को मिलती है। **इसके चलते दुधारू पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता कम हो जाती** है।
- इसका मुख्य लक्षण, संक्रमण के पश्चात तेज़ बुखार और लसिका ग्रंथि में सूज़न के बाद **शरीर में 5 सेमी. तक के आकार की मोटी-मोटी गाँठें उभरना है**। दुधारू पशुओं तथा जवान बछड़ों में इस रोग के खतरनाक लक्षण दृष्टिगत होते हैं। **एल.एस.डी. का अभी तक कोई उपचार उपलब्ध नहीं है**।
- **लंपी स्किन डिज़ीज़ का विषाणु किस तरह से पशुओं में संचरित होता है, इस संबंध में कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है।** ऐसी मान्यता है कि यह विषाणु मुख्यतः खून चूसने वाले कीट वाहकों, जैसे मच्छर, मक्खी तथा छोटे कीटों अथवा संदूषित सूइयों द्वारा संचारित होता है।
- **संक्रमण के पश्चात यह विषाणु रक्त में 21 दिन तक, जबकि वीर्य (Semen) में 42 दिन तक विद्यमान** रहता है। एल.एस.डी. विषाणु सबसे पहले वर्ष 1929 में अफ्रीका में खोजा गया, तब से अब तक यह एशिया और यूरोप के कई देशों में फैल चुका है।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
संस्कृति
IAS
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students